<u>**न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनूं**</u>

पीठासीन अधिकारीः—डॉ0 अरूण गर्ग
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्याः— 17 / 2026

महिपाल सिंह ढाका, डी—7, वार्ड नं0 5, संस्कृत स्कूल के पास, रामनगर, झुंझुनूं।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) मलसीसर।

——

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील

——

<u>**आदेश**</u>

दिनांक 25.02.2026

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 20.01.2026 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 17 / 2026 पर दिनांक 20.01.2026 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) मलसीसर के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) मलसीसर को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) मलसीसर से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक / 2025 / 198—199 दिनांक 20.01.2026 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) मलसीसर ने कोई रिपोर्ट पेश नही की है।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नही।
6. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) मलसीसर ने कोई रिपोर्ट पेश नही की है। चूंकि तहसीलदार मलसीसर ने कोई रिपोर्ट पेश नही की है जिससे जाहिर होता है कि प्रार्थी को सूचना उपलब्ध नही करवाई गई है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना स्वीकार किया जाकर लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार), मलसीसर को निर्देश दिये जाते है कि प्रार्थी को 7 दिवस मे निःशुल्क सूचना उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करे।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 25.02.2026 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ0 अरूण गर्ग)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं